दैनिक
# न्याय साक्षी



## महत्वपूर्ण एवं खास

### शिक्षक पात्रता परीक्षा के लिए डिप्टी कलेक्टर युगल किशोर उर्वशा नोडल अधिकारी नियुक्त

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा रायपुर द्वारा 22 मार्च 2020 को दो पालियों में छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा (टी.ई.टी) परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर यशवंत कुमार द्वारा परीक्षा के सफल संचालन के लिए डिप्टी कलेक्टर युगल किशोर उर्वशा को नोडल अधिकारी बनाया गया है तथा सहायक परियोजना समन्वयक राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा मिशन रायगढ़ के रामकुमार चौहान को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### स्थायी अनुज्ञप्ति वाहन चालन का परीक्षण 12 से 31 मार्च तक

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** संयुक्त कलेक्टर एवं जिला परिवहन अधिकारी सुमित अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि 12 से 31 मार्च 2020 तक जिला परिवहन कार्यालय रायगढ़ में स्थायी अनुज्ञप्ति वाहन चालन का परीक्षण कार्यालयीन दिवस में प्रतिदिन किया जाएगा।

### कक्षा 10 वीं की विज्ञान परीक्षा में 20572 में परीक्षार्थी हुए शामिल

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल परीक्षा 2020 के तहत कक्षा 10 वीं विषय विज्ञान की परीक्षा आयोजित हुई। जिसमें 21379 दर्ज परीक्षार्थियों में से 20572 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। 807 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

### लोकवाणी का प्रसारण आज

» महिलाओं को बराबरी के अवसर विषय पर होगी बात

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मासिक रेडियोवार्ता लोकवाणी की 8वीं कड़ी का प्रसारण 8 मार्च को होगा। लोकवाणी का प्रसारण छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्रों, एफ.एम.रेडियो और क्षेत्रीय न्यूज चैनलों से सुबह 10.30 से 10.55 बजे तक होगा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल लोकवाणी में इस बार महिलाओं को बराबरी के अवसर विषय पर प्रदेशवासियों से बात करेंगे।

### जिला पंचायत के अनुपयोगी खराब सामग्रियों की नीलामी के लिए 16 मार्च तक निविदा आमंत्रित

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** जिला पंचायत कार्यालय भवन के विभिन्न स्थानों पर रखे हुए अनुपयोगी खराब सामग्रियों के नीलामी के लिए 16 मार्च अपरान्ह 3 बजे तक निविदा आमंत्रित किया गया है। निविदा उसी दिन शाम शाम 4.30 बजे अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला-पंचायत रायगढ़ के कक्ष में समिति के समक्ष खोली जाएगी। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा। इच्छुक व्यक्ति निविदा की शर्तें एवं अन्य जानकारी के लिए जिला पंचायत कार्यालय, रायगढ़ में संपर्क कर सकते है।

### नालियों एवं परिसर के साफ-सफाई के लिए 20 मार्च तक निविदा आमंत्रित

» जिला पंचायत कार्यालय भवन, शाखाओं, शौचालयों,

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** जिला पंचायत कार्यालय भवन, शाखाओं, शौचालयों, नालियों एवं परिसर की साफ-सफाई कार्य अनुभवी व्यक्ति से एक वर्ष के लिए वार्षिक ठेका पर दिया जाना है। जिसके 20 मार्च अपरान्ह 3 बजे तक निविदा आमंत्रित किया गया है। निविदा उसी दिन शाम शाम 4.30 बजे अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला-पंचायत रायगढ़ के कक्ष में समिति के समक्ष खोली जाएगी। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा। इच्छुक व्यक्ति निविदा की शर्ते एवं अन्य जानकारी के लिए जिला पंचायत कार्यालय, रायगढ़ में संपर्क कर सकते है।

### मुख्यमंत्री ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दी


**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सभी महिलाओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। अपने शुभकामना संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा है कि अपनी प्रतिभा और योग्यता के बल पर महिलाओं ने हर क्षेत्र में एक नया आयाम हासिल किया है।

# वनवासियों के अधिकार, स्वावलंबन और सम्मान से जुड़ा है वन अधिकार अधिनियम - मुख्यमंत्री बघेल

» मुख्यमंत्री बघेल अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु निमोरा में आयोजित राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में हुए शामिल

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कहा है कि वन क्षेत्रों आदिवासी और अन्य परंपरागत वनवासियों को वन अधिकारों की मान्यता अधिनियम का बेहतर क्रियान्वयन कर अधिक से अधिक लाभ दिलाया जाए।

इनमें पात्रता रखने वाले सभी दावाकर्ताओं चाहे वे अनुसूचित जनजाति के हो अथवा अन्य परंपरागत वन निवासी हो, उन्हें नियमानुसार काबिज वन भूमि के साथ ही खाद्य सुरक्षा तथा आजीविका संबंधी सुविधाओं का भी भरपूर लाभ दिलाएं। उन्होंने कहा कि वन अधिकारों की मान्यता अधिनियम का समुचित क्रियान्वयन हमारी सरकार की प्राथमिकता में है। इसके लिए व्यक्तिगत दावों के अलावा सामुदायिक अधिकारों के प्रकरणों पर भी तेजी से कार्य करने की जरूरत है।



मुख्यमंत्री श्री बघेल आज राजधानी के ठाकुर प्यारे लाल राज्य पंचायत एवं ग्रामीण विकास संस्थान निमोरा में अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आयोजित राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उक्ताशय के विचार व्यक्त किए। उन्होंने कार्यक्रम में 'वन अधिकारों की मान्यता अधिनियम के क्रियान्वयन हेतु मार्गदर्शिका' पुस्तिका का विमोचन भी किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा 5 से 7 मार्च तक किया गया था।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आगे कहा कि वास्तव में इस अधिनियम के प्रावधान अनुसूचित जनजाति तथा परंपरागत वन निवासी परिवारों को उनके अधिकार, स्वावलंबन और सम्मान का जीवन दिलाने के लिए हैं। इसके मद्देनजर अधिनियम के प्रावधानों का सही ढंग से क्रियान्वयन कर उन्हें अधिक से अधिक लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। प्रदेश में वर्तमान सरकार द्वारा कृत संकल्पित होकर पात्र दावे-दारों को सहजता से जोड़कर लाभ दिलाया जा रहा है। यही वजह है कि विगत एक साल के भीतर काफी तादाद में पात्र हितग्राहियों को सही ढंग से लाभ मिलने लगा है। इससे लोगों का सरकार के प्रति विश्वास भी बढ़ा है।


## विश्व उपभोक्ता दिवस 15 मार्च को : खाद्य सचिव ने कलेक्टरों को कार्यक्रम आयोजन के दिए निर्देश

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में पूर्व वर्षों की ही भांति 15 मार्च को विश्व उपभोक्ता दिवस के रूप में मनाया जाएगा। खाद्य सचिव सह आयुक्त डॉ. कमलप्रीत सिंह ने प्रदेश के सभी कलेक्टरों को 15 मार्च को उपभोक्ता दिवस पर आम उपभोक्ताओं में उपभोक्ता अधिकारों के प्रति जागरूकता लाने अपने जिले में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करने के निर्देश दिए हैं ।

खाद्य विभाग के आयुक्त द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि उपभोक्ता संरक्षण एवं उपभोक्ता अधिकारों के प्रचार के लिए स्कूलों एवं महाविद्यालयों में कैम्प का संचालन कर छात्र-छात्राओं के साथ आम उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के संबंध में जानकारी दी जाए। जिला उपभोक्ता फोरम द्वारा उपभोक्ता विवादों से संबंधित जारी महत्वपूर्ण आदेशों की जानकारी प्रचार माध्यमों के जरिए दी जाए। उपभोक्ता संरक्षण के क्षेत्र में कार्यरत जिला उपभोक्ता फोरम के न्यायाधीश, सदस्यों, अधिवक्ताओं एवं स्वयं सेवी संगठनों तथा शासकीय अधिकारियों-कर्मचारियों की कार्यशाला आयोजित कर आम उपभोक्ताओं को उपभोक्ता अधिकारों के साथ-साथ उपभोक्ता विवादों के निराकरण की विद्यमान प्रक्रिया की जानकारी दी जाए।

जारी पत्र में उपभोक्ताओं को विभिन्न उत्पादों की खरीदी करते समय किन-किन बातों पर ध्यान देना चाहिए तथा उत्पादकों द्वारा किन-किन तथ्यों का अपने उत्पाद की पैकिंग में अनिवार्य रूप से उल्लेख किया जाना चाहिए, इसके लिए नापतौल, खाद्य एवं औषधि प्रशासन, ऑयल कम्पनियों के प्रतिनिधियों, महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय के विज्ञान के शिक्षकों के सहयोग से प्रदर्शनी का आयोजन करने कहा गया है। जिसमें दैनिक उपयोग में आने वाली अपमिश्रित, नकली वस्तुओं के पहचान करने के सरल तरीकों की जानकारी उपभोक्ताओं को दी जाए। प्रदर्शनी में उपभोक्ताओं के अधिकारों की जानकारी वाले पाम्पलेट, हैंडबिल उपभोक्ताओं को निःशुल्क रूप से वितरित किया जाएगा। खाद्य सचिव ने सभी कलेक्टरों से उपभोक्ता दिवस का आयोजन में की गई कार्यवाही का पालन प्रतिवेदन खाद्य विभाग को तथा उसकी प्रति खाद्य संचालनालय को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

## छत्तीसगढ़ की महिला फुटबॉल टीम बनी नेशनल विजेता



**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ राज्य की महिला फुटबॉल टीम को राष्ट्रीय विजेता बनने पर बधाई दी है। मध्य गोवा में आयोजित नेशनल इनक्लुसन (डायवरसिटी) फुटबॉल कप प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ राज्य की महिला टीम ने फाइनल में पंजाब को हराकर राष्ट्रीय विजेता का खिताब हासिल किया है। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर दो खिलाड़ी वंदना ध्रुव एवं निलिमा खाखा का चयन इंडिया कैम्प में हुआ है। खेल संचालक श्रीमती श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा ने विजेता खिलाड़ियों को जीत की बधाई दी है। इस खिताब के लिए सभी खिलाड़ियों एवं वरिष्ठ प्रशिक्षकों ने खेल एवं युवा कल्याण विभाग का आभार जताया है।

प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर दो खिलाड़ी वंदना ध्रुव एवं निलिमा खाखा का चयन इंडिया कैम्प में हुआ है। इंडिया टीम में चयनित होने पर फिनलैण्ड में आयोजित होने वाले वर्ल्ड कप में भारत का प्रतिनिधित्व कर सकेंगी। विजेता टीम में वंदना ध्रुव, निलिमा खाखा, चादंनी श्रीवास, प्रीति फुटान, भुमिका साहू, मेनका सचदेव, कंचन यादव, नेहा वंशी, देवंतीन निषाद एवं दुर्गा ने अपने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए छत्तीसगढ़ को गौरवान्वित किया है।

## मुख्य सचिव ने की सुपोषण अभियान की समीक्षा : राज्य स्तरीय समिति की बैठक



**रायपुर।** मुख्य सचिव श्रीआर.पी. मण्डल की अध्यक्षता में आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में सुपोषण अभियान की राज्य स्तरीय स्वीकृति समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में राज्य में अभियान के क्रियान्वयन, नवाचार गतिविधियां, फैलेक्सी फंड के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां, अंतर्विभागीय अभिशरण-सुपोषण पखवाड़ा सहित अन्य विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में महिलाओं में कुपोषण दूर करने एवं उन्हें एनीमिया से मुक्त करने के संबंध में भी चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि आंगनबाड़ी केन्द्रों के लिए आई.सी.डी.एस. कैस एक कॉमन एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर बनाया गया है। जिससे मोबाईल आधारित ऐप के माध्यम से आंगनबाड़ी केन्द्रों के संचालन के बारे में त्वरित एवं वास्तविक जानकारी मिल सके। वर्तमान में रायपुर, दुर्ग, कबीरधाम, गरियाबंद, बालोद, महासमुंद और बेमेतरा जिलों के कुल दस हजार 473 आंगनबाड़ी केन्द्रों में इसका संचालन किया जा रहा है। महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को सुपोषण अभियान के तहत आवश्यक जानकारी प्रदान करने के लिए सतत् सीख प्रक्रिया (आई.एल.ए.) के तहत जानकारी दी जा रही है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को भी इस सबंध में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मैदानी अमलों द्वारा समुदाय आधारित गतिविधियों अन्नप्राशन, गोदभराई, पोषण दिवस, जन स्वास्थ्य दिवस, अनौपचारिक शिक्षा आदि संचालित की जा रही हैं। बैठक में बताया गया कि वर्ष 2019-20 में जनवरी माह तक राज्य में समुदाय आधारित लगभग नौ लाख गतिविधियों का आयोजन किया गया।

## म्यूनिसिपल स्कूल को मिला अंग्रेजी माध्यम स्कूल का दर्जा

**नवीन सत्र से कक्षा पहली से बारहवीं तक अंग्रेजी माध्यम में होगी पढ़ाई**

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** राज्य शासन के निर्देशानुसार रायगढ़ शहर के नगर पालिका निगम स्कूल (म्यूनिसिपल स्कूल)को शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल के रूप में शिक्षा सत्र 2020-21 से संचालित किया जा रहा है।

स्कूल में कक्षा पहली से बारहवीं तक की कक्षायें संचालित होंगी। जिसके लिए अंग्रेजी माध्यम में पढ़ाने हेतु शिक्षकों की व्यवस्था राज्य एवं जिला स्तर से की जा रही है। कक्षा पहली से तीसरी तक किसी भी माध्यम में अध्ययनरत बच्चों को प्रवेश दिया जाएगा एवं कक्षा चौथी से बारहवीं तक सिर्फ अंग्रेजी माध्यम से उत्तीर्ण एवं अध्ययनरत बच्चों को प्रवेश दिया जाएगा। म्यूनिसिपल स्कूल में भी अन्य शासकीय विद्यालयों की तरह शासन की समस्त योजनाएं लागू रहेगी। प्रवेश के लिए इच्छुक पालक एवं विद्यार्थी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय रायगढ़ के सहा.विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार पटेल से संपर्क कर प्रवेश फार्म प्राप्त कर सकते है एवं कार्यालयीन समय में फार्म जमा कर सकते है।

### राज्य सेवा परीक्षा 2018 में उप पुलिस अधीक्षक चयनित अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का सत्यापन 13 मार्च को

**रायपुर।** राज्य सेवा परीक्षा 2018 में उप पुलिस अधीक्षक पद हेतु चयनित अभ्यर्थियों को मूल प्रमाण पत्रों एवं अन्य दस्तावेजों के सत्यापन के लिए 13 मार्च को नवा रायपुर मंत्रालय (महानदी भवन) में उप सचिव, गृह विभाग के कक्ष क्रमांक एडी 3-23 में कार्यालयीन समय में उपस्थित होने को कहा गया है। इस संबंध में गृह (पुलिस) विभाग द्वारा चयनित अभ्यर्थियों को 29 फरवरी को सूचना-पत्र भेजा जा चुका है। अभ्यर्थियों को मूल शैक्षणिक प्रमाण पत्रों एवं अन्य दस्तावेजों, अभिलेखों की स्वयं द्वारा प्रमाणित प्रति के साथ उपस्थित होने को कहा गया है। अभ्यर्थियों को 50 रुपए के स्टाम्प पर शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा। शपथ पत्र का प्रारुप सूचना पत्र के साथ अभ्यर्थियों को भेजा गया है।

### हाईस्कूल विज्ञान विषय की परीक्षा में शामिल हुए पौने चार लाख से अधिक परीक्षार्थी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की हाईस्कूल की मुख्य परीक्षा में आज विज्ञान विषय की परीक्षा संपन्न हुई। परीक्षा में पंजीकृत कुल 3 लाख 90 हजार 196 परीक्षार्थियों में से 3 लाख 81 हजार 874 शामिल हुए। परीक्षा में 8 हजार 322 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

## शार्ट फिल्म फेस्टिवल के लिए देश विदेश से 637 से अधिक फिल्मों की प्रविष्टियां

» विधिक जागरूकता पर हाईकोर्ट के ऑडिटोरियम में होगा शार्ट फिल्म फेस्टिवल का निःशुल्क प्रदर्शन

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यपालक अध्यक्ष जस्टिस प्रशांत मिश्रा के मार्गदर्शन में 21 एवं 22 मार्च को शार्ट फिल्म फेस्टिवल का आयोजन किया गया है। आयोजन हाईकोर्ट के ऑडिटोरियम में किया जाएगा।

छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में हो रहे शार्ट फिल्म फेस्टिवल में अब तक 54 देशों की 637 एंट्री मिल चुकी है। 05 से 10 मिनट की फिल्मों के लिए चार विषय निर्धारित किये गये हैं। फिल्म फेस्टिवल हेतु जीपीआरएसएस द्वारा तकनीकी सहयोग प्रदान किया जा रहा है। जुरी के निर्णय के मुताबिक 22 श्रेणियों में पुरस्कार दिये जाएंगे।

**› फिल्मों के लिए तय किये गये थे चार विषय**

कानूनी जागरूकता पर आधारित देश की पहली शार्ट फिल्म प्रतियोगिता शूट फॉर लीगल अवेयरनेस 2020 के लिए चार विषय तय किये गये थे। इसमें मानव तस्करी, बाल अधिकार (बाल श्रम निषेध और शिक्षा का अधिकार), नशामुक्ति और पीड़ितों का पुनर्वास और साइबर क्राइम विषय शामिल है।

**› 5 लाख से अधिक के 22 पुरस्कार**

भारतीय प्रतियोगियों को 22 पुरस्कार दिये जाएंगे। अंतरराष्ट्रीय प्रतिभागियों के लिए 2 सम्मान होंगे। छत्तीसगढ़ी में बेस्ट शार्ट फिल्म को 1 लाख और दूसरे को 51 हजार रूपये दिये जाएंगे। इसी प्रकार हिन्दी, अंग्रेजी और अन्य भारतीय भाषाओं में बेस्ट शार्ट फिल्म को 1 लाख रूपये और दूसरे को 51 हजार रूपये के एक-एक पुरस्कार दिये जाएंगे। बेस्ट सुपर शार्ट्स को 21 हजार, रनर अप को 11 हजार और सेकेंड रनर अप को 5100 रूपये के पुरस्कार दिये जाएंगे।

**इन देशों ने भेजी है शार्ट फिल्में फेस्टिवल के लिए**

**शार्ट फिल्म फेस्टिवल के सीजन-3 के लिए पाकिस्तान, ईरान, अमेरिका,कनाडा, आस्ट्रेलिया, आस्ट्रिया, फिलीपींस, इंडोनेशिया, चिली, कोलंबिया, चेक रिपब्लिक, डेनमार्क, इजिप्ट, फ्रांस, जर्मनी सहित 54 देशों की फिल्में आई हैं। छत्तीसगढ से भी बड़ी संख्या में फिल्में भेजी गई हैं।**

**चार विषयों के लिए 6 केटेगरी**

**चार विषयों पर 6 केटेगरी में शार्ट फिल्में मंगाई गई थी, इसमें छत्तीसगढ़ी, अंग्रेजी व अन्य भारतीय भाषाएं, सुपर शार्ट्स, इन हाउस, गैर प्रतिस्पर्धी श्रेणी और नो वॉर्डर्स केटेगरी शामिल है। इन हाउस में राज्य और जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों की एंट्री शामिल है।**

## महिला शक्ति जुटी केलो की सफाई में कलेक्टर ने बढ़ाया उत्साह

» विश्व महिला दिवस विशेष

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** रायगढ़ के मरीन ड्राईव में केलो नदी को पुर्नजीवन देने के लिए महिलाओं द्वारा स्वस्फूर्त सफाई अभियान प्रारंभ किया गया, जिसमें कलेक्टर यशवंत कुमार ने हिस्सा लिया। राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के स्व-सहायता समूह की महिलाओं तथा सफाई मित्रों के स्वप्रेरणा से प्रारंभ इस अभियान में कलेक्टर ने सफाई कर रही महिलाओं के बीच पहुंचकर उनका उत्साह बढ़ाया और उनके प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि केलो नदी रायगढ़ के लिए जीवन दायिनी है। इसमें फैली गंदगी को साफ किया जाना अत्यंत आवश्यक है।

मुझे विश्वास है जिस प्रकार से महिलाओं ने केलो नदी की सफाई का बीड़ा उठाया है, इससे केलो नदी का स्वच्छ व सुंदर स्वरूप शीघ्र देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि सफाई



कार्य को एक जन अभियान के रूप में आगे बढ़ाया जाएगा, जिसमें प्रशासन के साथ जनसामान्य भी भागीदार बन सकेंगे।

उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि नदी में गंदगी, कचरा, प्लास्टिक तथा अपशिष्ट न फेंके तथा नदी को साफ रखने में सहयोग प्रदान करें। इस मौके पर नगर निगम आयुक्त राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता ने कहा कि अब से प्रत्येक सप्ताह में एक दिन जनभागीदारी के साथ नगर निगम केलो नदी की सफाई का कार्य अभियान के रूप में चलायेगा। जिसमें नदी पर बने घाट व निस्तार वाली जगहों की सफाई का विशेष ध्यान रखा जाएगा।

» शासकीय चिकित्सालयों में ग्लुकोमा की जांच व उपचार है निःशुल्क

## ग्लुकोमा से बचाव के लिए 40 वर्ष की उम्र से आंखों की कराये नियमित जांच

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** कलेक्टर यशवंत कुमार के दिशा-निर्देश एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस.एन. केशरी के मार्गदर्शन में आई.एम.एन.सी.आई. एवं विश्व ग्लुकोमा दिवस पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित जिले के महिला ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक को डॉ.अशोक अग्रवाल शिशु रोग विशेषज्ञ, डॉ. दिनेश नायक चिकित्सा अधिकारी, श्रीमती सुषमा रोजर लाल,श्रीमती छबीली पटेल स्टाफ नर्स एवं मधुकर गुप्ता डी.एम.एच.आर. द्वारा आई.एम. एन.सी.आई. से सबंधित प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला में अर्जुन कुमार बेहरा बरिष्ठ नेत्र सहायक अधिकारी ने ग्लुकोमा (काला मोतियाबिंद) के संबंध में विस्तार से जानकारी



दी। उन्होंने बताया कि यह बीमारी 40 वर्ष के बाद शुरू होती है, ऑख में एक तरल पदार्थ (एक्वस) भरा होता है। यह तरल पदार्थ ऑख के गोले को चिकना बनाए रखता है। यदि इस तरल पदार्थ का रिसाव रूक जाये तो आंख के अंदर का दबाव बढ़ जाता है और दृष्टि जाने लगती है। जिससे प्रभावित आंखों में दाब सहन करने की क्षमता से अधिक हो जाता है। फलस्वरूप नेत्र के पर्दे की तंतु को क्षति पहुंचाती है। जिससे दृष्टि चली जाती है। इस बीमारी से दृष्टि खराब होने के बाद उसका कहीं उपचार नहीं हो सकता है। इसे काला मोतिया बिंद' भी कहा जाता है। एक्यूट कंजस्टिव ग्लुकोमा से ऑख में तेज दर्द होता है, ऑख लाल हो जाती हैं और दृष्टि कमजोर हो जाती है। यदि तुरंत इसका उपचार किया जाये तो कुछ दृष्टि वापस आ सकती है। क्रानिक सिम्पल ग्लुकोमा में रोगी की ऑख में दर्द नहीं होता और न ही ऑख लाल होती है केवल दृष्टि धीरे-धीरे कम होने लगती है। नजदीक के चश्मे का नम्बर जल्दी-जल्दी बढ़ता है या कम उम्र में ही पढने में कठिनाई होने लगती है। दृष्टि के चारों तरफ का दायरा भी कम होता जाता है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO Ñ- CHH-